# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(नवम् सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 28 अगस्त, 2015/6 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 13**

----

### कार्यों का आबंटन

1033 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य, मण्डल नेरवा व उप-मण्डल सैंज द्वारा कार्य किस- किस ठेकेदार को आवंटित किया गए; ब्यौरा दें;

(ख) आबंटित कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व कितनी खर्च हुई तथा कितनी शेष है ब्यौरा दें; और

(ग) सभी ठेकेदारों ने क्या आबंटित कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण किए; यदि नहीं, तो विभाग ने उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई?

----

### मशीनरी का प्रबन्ध

1034 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रति वर्ष लगभग तीन महीने सर्दियों में चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत भारी हिमपात के कारण लगभग 70 सड़कें बन्द हो जाती हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार बर्फ हटाने व इन सड़कों को सुचारू रूप से चलाने हेतु जरूरी मशीनों का प्रबन्ध करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क मरम्मत

1035 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार विभाग द्वारा निर्मित सैंज से कुपवी वाया देहा सड़क जो कि काफी पुरानी व तंग है को चौड़ा करने व इसकी मरम्मत करने पर विचार कर रही है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

----

## सामग्री का क्रय

1036 **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज)ः**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में विभिन्न विभागों/सचिवालयों ने मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग से कितने-कितने मूल्य की कौन-कौन सी सामग्री क्रय की; ब्यौरा वर्षवार व सामग्रीवार दें?

----

## गौ सदन हेतु भूमि

1037 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू स्थित बैएणू माता मन्दिर स्थित ट्रस्ट में लुगड़ भट्ठी स्थित ब्यास नदी के तट पर उद्यान विभाग की भूमि पर गौ सदन खोलने हेतु लीज़ पर देने हेतु सरकार से आवेदन किया था;

(ख) यदि हां, तो कब और क्या सरकार ने उपरोक्त भूमि को राजस्व विभाग के नाम किया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इस भूमि को अविलम्ब गौ सदन हेतु लीज़ पर देने का विचार रखती है?

----

## भूमि का तबादला

1038 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) सुल्तानपुर हेतु भूमि हस्तान्तरण का मामला जिलाधीश कुल्लू के पास लम्बित है;

(ख) यदि हां, तो कब से तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार क्या शीघ्र भूमि हस्तान्तरण के लिए जिलाधीश कुल्लू को आदेश देगी?

----

## विश्राम गृह कसोल

1039 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कसोल रैस्ट हाऊस के कुछ एक भाग को वन विभाग द्वारा पर्यटन निगम को लीज़ पर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो पर्यटन विभाग ने इसे इटालियन मूल के लोगों को सब्लैट कर दिया है; और

(ग) लीज़ की अवधि खत्म होने पर क्या वन विभाग उसे अपने अधीन लेने पर विचार करेगा?

----

## Repair of Motors

1040 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) when the motors in various pump houses of Ramgarh Dhar and other schemes falling within the areas of I&PH Sub-divisions, Bangana and Una No. 2 were installed; and

(b) since 2013 how many times these motors have been repaired and how much amount has been spent on their repairs; details be given?

----

## Road Sanctioned Under C.R.F.

**1041 Sh. Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many roads have been sanctioned under World Bank, PMGSY and Central Road Fund in respect of Nalagarh Assembly Constituency; and

(b) how many roads under World Bank, PMGSY and Central Road Funding are in the pipe-line for the last three years; details be given ?

----

## Fire Station at Kaza

**1042 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Fire Station at Keylong is providing services to Spiti Valley also; if so, how many times its services were utilized; and

(b) whether the Government have any proposal to open Fire Station at Kaza?

----

## Marketing yard

**1043 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government proposes any Marketing Yard for Lahaul & Spiti District;

(b) if yes, by when the Marketing Yard at Lahaul and Spiti will be established; and

(c) is there any proposal of the Government to convert Hops Kiln as Marketing Horticulture produce stores; details be given?

----

## लम्बित सिंचाई योजनाएं

1044 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित Accelerated Irrigation Benefits Programme के अन्तर्गत सिंचाई की कुल कितनी योजनाएं केन्द्र सरकार के पास कब से लम्बित हैं; और

(ख) इन योजनाओं का ब्यौरा जिलावार दें व इनकी स्वीकृति कब तक मिलेगी; ब्यौरा दें?

----

## कर्मचारियों का नियमितीकरण

1045 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश सरकार की वर्तमान नीति के अनुसार अंशकालीन कर्मचारी कितने वर्ष की सेवा के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाए जाते हैं और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कितने वर्ष की नौकरी के बाद नियमित किए जाते हैं; और

(ख) इस नीति के अनुसार प्रदेश में कुल कितने अंशकालीन कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी बनाए जाने शेष हैं और कितने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियमित किए जाने हैं; ब्यौरा विभागशः दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

**दिनांकः 17 अगस्त, 2015.** **सचिव।**